# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 04 अक्टूबर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

## हत्या की घटना मे वांछित बदमाश के साथ थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 03/04.10.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस वलीपुरा नहर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुअसं- 962/25 धारा 103(1) बीएनएस का वांछित आरोपी वलीपुरा नहर के आस-पास है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस वलीपुरा नहर पर पहुंची तो 01 संदिग्ध व्यक्ति नहर के पास बेठा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुका। जिसपर पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. मौहम्मद पुत्र हनीफ निवासी नरसलघाट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुए है।

उल्लेखनीय है कि घायल बदमाश मौहम्मद द्वारा दिनांक 30.09.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कचहरी परिसर मे एक व्यक्ति की हत्या करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 962/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत है। जिसमे अभियुक्त लगातार वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक 02.10.2025 को मुकदमा उपरोक्त के अन्य अभियुक्त फरदीन पुत्र हनीफ निवासी नरसलघाट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था। जिसको जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. मौहम्मद पुत्र हनीफ निवासी नरसलघाट थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस

**गिरफ्तार अभियुक्त मौहम्मद का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं- 962/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 980/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 980/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।
2- उ0नि0 श्री आदेश चौकी प्रभारी खुर्जा गेट थाना कोतवाली नगर।
3- उ0नि0 कुलदीप उपाध्याय चौकी प्रभारी नरसलघाट थाना कोतवाली नगर।
4- है0का0 कुलदीप राठी, है0का0 मोहित मलिक, है0का0 राहुल मलिक, है0का0 हितेश, का0 हेमन्त









**मीडिया सेल बुलंदशहर**